# 4. कृषि

**अभ्यास :**

---

**Q1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**(i) कृषि क्या है ?**

**उत्तर :** फसलों, फलों, सब्जियों, फूलों को उगाना और पशुधन पालन जैसे प्राथमिक क्रियाओं को कृषि कहते हैं |

**(ii) उन कारकों के नाम बताइए जो कृषि को प्रभावित कर सकते हैं ?**

**उत्तर :** कृषि को प्रभावित करने वाले कारक :

(a) स्थलाकृति

(b) मृदा

(c) जलवायु

**(iii) स्थानांतरी कृषि क्या है ? इस कृषि की क्या हानियाँ हैं ?**

**उत्तर :** ;कृषि का वह तरीका जिसमें वृक्षों को काटकर और जलाकर भूखंड को साफ किया जाता है और राख को मृदा में मिलाया जाता है | भूमि की उर्वरता समाप्त हो जाने पर उस जगह को छोड़कर फिर दूसरी नयी जगह कृषि की जाने लगती है | ऐसी कृषि को स्थानांतरी कृषि या झूम कृषि भी कहा जाता है |

इस कृषि की निम्नलिखित हानियाँ हैं -

(i) इससे हरे भरे वनों को नुकसान पहुँचता है |

(ii) जहाँ इस प्रकार की कृषि की जाती है वहाँ की मिटटी की उर्वरता समाप्त हो जाती है |

(iii) वनों को जलाकर इसका राख उपयोग होता है जिससे पर्यावरण को नुकसान होता है |

**(iv) रोपण कृषि क्या है ?**

**उत्तर :** ऐसी वाणिज्यिक कृषि जिसमें चाय, कहवा, काजू, रबड़, केला और कपास जैसी एकल फसलें उगाई जाती है | रोपण कृषि कहलाती हैं | इस कृषि में बड़े पैमाने पर श्रम और पूँजी की आवश्यकता होती हैं |

**(v) सरकार किसानों को कृषि के विकास में किस प्रकार मदद करती है ?**

**उत्तर :** सरकार निम्नलिखित तरीकों से कृषि के विकास में मदद करती है |

(i) सिंचाई के लिए सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करवाकर |

(ii) खाद और बीज पर सब्सिडी देकर |

(iii) सरकारी कृषि अधिकारीयों द्वारा किसानों को कृषि संबंधी जानकारी देकर |

(iv) कृषि के लिए किसानों की ऋण सुविधा उपलब्ध करवाकर |

Q2. सही उत्तर को चिन्हित कीजिए -

(i) उद्यान कृषि का अर्थ है -

(क) गेंहू उगाना

(ख) आदिम कृषि

(ग) फलों और सब्जियों को उगाना

उत्तर : (ग) फलों और सब्जियों को उगाना

(ii) 'सुनहरा रेशा' से अभिप्राय है -

(क) चाय

(ख) कपास

(ग) पटसन

उत्तर : (ग) पटसन

(iii) कॉफी का प्रमुख उत्पादक है -

(क) ब्राजील

(ख) भारत

(ग) रूस

उत्तर : (क) ब्राजील